भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.5045

दिनांक 01 अप्रैल, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

## कृषि आयात पर भारी प्रशुल्क

**5045. श्री जगदीश शट्टर:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) सरकार की संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा भारत से कृषि आयातों पर या किसी अन्य वस्तु के आयात पर भारी प्रशुल्क लगाने के कदमों का विरोध करने के लिए क्या तैयारी है;

(ख) क्या इस संबंध में अमेरिका के साथ व्यापार समझौता पर वार्ता के लिए कोई कदम उठाए गए है;

(ग) क्या इस स्थिति में इस अधिनियम से अमेरिका को होने वाले निर्यात के संबंध में अनुकूल शर्तें प्राप्त करने में मदद मिलेगी; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क) से (घ): भारत सरकार पारस्परिक रूप से लाभकारी और निष्पक्ष तरीके से द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को बढ़ाने और व्यापक बनाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार के साथ बातचीत जारी रखे हुए है। दोनों देशों ने पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है, जिसके तहत दोनों देश बाजार पहुंच बढ़ाने, टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करने, आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण को बढ़ाने और प्रमुख व्यापार संबंधी मुद्दों का द्विपक्षीय रूप से हल करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

***